E

No. of Printed Pages : 11

First Term Examination, 2015-16

Subject : Accountancy

Class : XII

Time : 3 Hrs.] **[M. M. : 80**

General Instructions :

1. All questions are compulsory
2. Attempt all parts of questions at one place.

सामान्य निर्देश—

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर एक ही स्थान पर दीजिए।

---

1. What do you mean by dissolution of partnership ? 1

फर्म के समापन का क्या आशय है ?

2. A share of ₹ 10 has been forfeited for non payment of final call of ₹ 3. What is the maximum amount of discount at which it can be reissued ? 1

₹ 10 के अंश को अन्तिम याचना की राशि ₹ 3 न देने पर जब्त किया गया इसे पुन: निर्गमित करने पर अधिकतम कितनी कटौती दी जा सकती है ?

3. A and B are partners with a capital of ₹ 10,00,000 and ₹ 6,00,000. Interest on capital is payble at 10% p. a. Find the interest given to partners when profits for the year are ₹ 96,000. 1

अ और ब साझेदार हैं उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 10,00,000 और ₹ 6,00,000 है। पूँजी पर 10% वार्षिक ब्याज दिया जाना है। यदि फर्म का लाभ उस वर्ष ₹ 96,000 है तो साझेदारों को कितना ब्याज देय है ?

4. What is meant by isssue of debentures as a collateral security ? 1

सहायक प्रमिभूति के रूप में ऋणपात्रों के निर्गमन का क्या अर्थ है ?

P.T.O.

5. Under which head unclaimed dividend will be presented in Balance Sheet. 1

बिना दावे के लाभांश को स्थिति विवरण की कौन सी मद में प्रदर्शित किया जाता है ?

6. What is the financial year in case of company ? 1

कम्पनी के सन्दर्भ में वितीय वर्ष कौन सा होता है ?

7. Give the average period in months for charging interest if amount is withdrawn in beginning of each quarter. 1

यदि राशि का आहरण तिमाही के प्रारंभ में किया जाए तो ब्याज कितने महीनों के लिए लगाया जाता है ?

8. ABC ltd. issued secured debentures which are secured against particular asset Identify the value involved by issuing secured debentures. 1

अ ब स ने सुरक्षित ऋणपत्रों का निर्गमन किया जो संपत्ति पर सुरक्षित है। इस प्रकार के ऋणपत्रों के निर्गमन में कौन से मूल्य का ध्यान रखा गया।

9. X ltd. redeemed 1000, 6% Debentures of ₹ 100 each by purchasing debentures from open market at the rate of ₹ 105 for immediate cancellation. Pass the Journal Entries. 3

एक्स लिमिटेड ने 1000, 6% ऋणपत्रों जिनका मूल्य ₹ 100 प्रति ऋणपत्र था का शोधन खुले बाजार से ₹ 105 की दर से किए। ऋणपत्र निरस्त करने के उद्देश्य से खरीदे गए। रोजनामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए।

10. Akhil Ltd. purchased a running business from Savita Ltd. for a sum of ₹ 22,00,000 by issuing 20,000 fully paid equity shares of ₹ 100 each at a premium of 10%. The assets and liabilities consisted of the following.

Machinery ₹ 7,00,000	Debtors ₹ 2,50,000
Stock ₹ 5,00,000	Bills Receivable ₹ 5,00,000
Building ₹ 1,50,000	Bills Payable ₹ 2,50,000
Cash ₹ 5,00,000	Pass necessary Journal Entries

अखिल लिमिटेड ने सविता लिमिटेड से चालू व्यवसाय ₹ 22,00,000 में खरीदा। क्रय के प्रतिफल के भुगतान के रूप में उसने उसे ₹ 100 मूल्य के 20,000 समता अंश 10% प्रीमियम पर दिए। सम्पत्तियाँ व देनदारियाँ इस प्रकार हैं

मशीन ₹ 7,00,000	देनदार ₹ 2,50,000
रहतिया (स्टॉक) ₹ 5,00,000	प्राप्य विपत्र 5,00,000
भवन ₹ 1,50,000	देय प्रपत्र ₹ 2,50,000
रोकड़ ₹ 5,00,000	प्रविष्टियाँ कीजिए।

11. State three purposes for which security premium can be utilised ? 3

प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जाता है? कोई तीन लिखो।

12. Give the format of Balance Sheet of company with main headings only as per revised Schedule VI (Schedule III of the Companies Act 2013). 3

मुख्य शीर्षकों के साथ स्थिति विवरण का संरूप दो जो संशोधित शड्यूल VI (शड्यूल III कम्पनी एक्ट 2013) के अनुसार हो।

13. What is meant by Financial Statment Analysis ? Give three objectives of analysis of Financial Statements. 4

वित्तीय विवरण विश्लेषण का क्या अर्थ है ? इसके कोई तीन उद्देश्य लिखो ?

14. From the following information prepare comparative statement of profit and loss for the year ended 2013 and 2014. 4

Particulars	Note No.	₹ 31-03-2014	₹ 31-03-2013
Revenue from operations		9,00,000	6,00,000
Other income		1,08,000	1,20,000
Cost of Material Consumed		5,40,000	3,00,000
Other Expenses		90,000	60,000
Tax Rate		40%	40%

निम्न सूचना के आधार पर वर्ष 2013 तथा 2014 के अन्त में दी गई सूचना के आधार पर तुलनात्मक आय विवरण बनाओ

Particulars	Note No.	₹ 31-03-2014	₹ 31-03-2013
परिचालन से प्राप्त राजस्व		9,00,000	6,00,000
अन्य आय		1,08,000	1,20,000
प्रयोग सामग्री की लागत		5,40,000	3,00,000
अन्य खर्च		90,000	60,000
कर की दर		40%	40%

15. Write down difference between dissolution of partnership and dissolution of Firm on th...

(i) Meaning (ii) Continuation of B...

(iii) Books of Accounts (iv) Assets and ...

साझेदारी के समापन तथा फर्म के समापन में निम्न आधार पर अन्तर लिखो।

(i) अर्थ (ii) व्यवसाय का ...

(iii) लेखा पुस्तकें (iv) सम्पत्तियों व दा...

16. X, Y, Z were partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their capitals (fixed) are ₹ 1,00,000, ₹ 80,000 and ₹ 70,000 respectively. For the year 2014 interest on capital was credited to them @ 9% instead of 12%. Give the adjusting Journal Entry. Y noticed the error and brought it to notice of all partners. Identify the value fulfilled by him. 4

एक्स, वाई व जैड एक फर्म के साझेदार हैं। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 1,00,000, ₹80,000 तथा ₹ 70,000 है। वे 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं।वर्ष 2014 में उन्हें 12% के स्थान पर 9% ब्याज क्रेडिट किया गया। समायोजन प्रविष्टि कीजिए। वाई ने इस गलती का पता लगाया व अन्य साझेदारों को सूचित किया। उसने कौन से मूल्य का पालन किया।

17. Write short notes on. 4

(i) Partnership deed

(ii) Goodwill

(iii) Sacrificing Ratio

(iv) Reconstitution of Firm's partnership

संक्षिप्त टिप्पणी लिखो–

(i) साझेदारी संलेख

(ii) ख्याति

(iii) त्याग अनुपात

(iv) फर्म का पुनर्गठन (साझेदारी का पुनर्गठन)

18. Give Jarnal Entries for the following transaction on dissolution of Firm. 6

(a) Loan of ₹ 10,000 advanced by partner to firm was refunded.

(b) Ram a partner takes over unrecorded asset typewriter at ₹ 400.

(c) Undistributed debit balance of profit and loss account of ₹ 45,000 and firm has three partners Ram, Shyam and Radha.

(d) The assets of firm realised for ₹ 1,25,000

(e) Shyam who undertakes to carry out dissolution proceedings. He is paid ₹ 3000 for the same.

(f) Creditors paid ₹ 28,000 in full settlement of their accent of ₹ 30,000.

साझेदारी के समापन पर निम्न लेन-देन की जर्नल में प्रविष्टियाँ कीजिए।

(a) साझेदार द्वारा दिया गया ₹ 10,000 के ऋण भुगतान किया गया।

(b) राम जो साझेदार है ने अलेखांकित सम्पत्ति-टाइपराइटर ₹ 400 में लिया।

(c) लाभ-हानि का अवितरित शेष (डेबिट) ₹ 45,000 है। फर्म में तीन साझेदार हैं राम श्याम व राधा।

(d) फर्म की सम्पतियों से ₹ 1,25,000 प्राप्त हुए।

(e) श्याम जिसने समापन की कार्यवाही करने का उत्तरदायित्व लिया उसे ₹ 3,000 दिए गए।

(f) लेनदारों को ₹ 30,000 के खाते के पूरे निबटान के लिए ₹ 28,000 दिए गए।

19. Write short notes on any three : 6

(i) Private placemnt of shares

(ii) Reserve capital

(iii) Debenture Redemption Reserve

(iv) Minimium Subscription

किन्हीं तीन पर संक्षिप्त दिप्पणी लिखो :

(i) अंशों की निजी व्यवस्था

(ii) आरक्षित पूँजी

(iii) ऋणपत्र शोधन संचय

(iv) न्यूनतम अभिदान

20. A, B and C are in partnership. A and B sharing profits in the ratio of 3 : 1 and C receiving an annual salary of ₹ 32,000 Plus 5% of profits after charging his salary and commission or 1/4th of profits of firm which ever is more. Any exess of later over former received by C under partnership deed will be borne by A and B in ratio 3 : 2. The profit for the year ended 31st March 2014 came to ₹ 1,68,000 after charging C's salary : Show the distribution of profit among partners and prepare Profit and Loss Appropriation A/c.

अ, ब और सी साझेदार हैं। अ और ब 3 : 1 के अनुपात में लाभ लेते हैं। सी को ₹ 32,000 वार्षिक वेतन तथा वेतन व कमीशन निकालने के बाद शुद्ध वितरण योग्य लाभ का 5% या 1/4 हिस्सा लाभ का जो भी अधिक हो मिलेगा। बाद वाला लाभ यदि पिछले से अधिक है तो साझेदारी संलेख के अनुसार वह राशि अ और ब 3 : 2 में वहन करेंगे। 31 मार्च 2014 के अन्त में वेतन के बाद लाभ ₹ 1,68000 है, लाभ-हानि समायोजन खाता बनाइए।

21. The balance sheet of Sindhu, Rahul and Kamlesh who were sharing profit in ratio of 3 : 3 : 4 respectively as on 31st March 2014 was as follows. 6

Liabilities	₹ (Amount)	Assets	₹ (Amount)
General reserve	10,000	Cash	32,000
Bills Payable	20,000	Stock (Inventory)	88,000
Loan	24,000	Investments	94,000
Capitals :		Land and Building	1,20,000
Sindhu 1,20,000		Sindhu's Loan	20,000
Rahul 1,00,000			
Kamlesh 80,000	3,00,000		
	3,54,000		3,54,000

Sindhu died on 31st July 2014. The prartnership deed provided for the following on the death of partner.

(a) Goodwill of firm valued at two years purchase of average profit for the last three years which were 80,000.

(b) Sindhu's share of profit will be calculated on basis of sales. Sales for the year ended 31st March 2014 amounted to ₹ 8,00,000 and from 1st April to 31st July 2014 ₹ 3,00,000. Profit for year ended 31st March 2014 was ₹ 2,00,000.

(c) Interest on capital was to be provided @ 6% p.a. According to Sindhu's will executor should donate his share to orphanage of girls.

Prepare Sindhu's Capital Account to be rendered to his executer and also identify the value being highlighted in Question.

सिंधु, राहुल व कमलेश जो 3 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ बंटवारा कर रहे हैं उनकी फर्म का स्थिति विवरण 31 मार्च 2014 को निम्न है–

देयताएँ		₹ राशि	सम्पतियाँ	₹ राशि
संचय		10,000	नकद (रोकड़)	32,000
देय बिल		20,000	स्टॉक	88,000
ऋण		24,000	विनियोग	94,000
पूँजियाँ			भूमि व भवन	1,20,000
सिंधु	1,20,000		सिंधु का ऋण	20,000
राहुल	1,00,000			
कमलेश	80,000			
		3,00,000		
		3,54,000		3,54,000

सिंधु की 31 जुलाई 2014 को मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख के अनुसार साझेदार की मृत्यु पर निम्न अधिकार दिए गए।

(a) ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दुगने क्रय वर्षों के आधार पर किया जायेगा जो ₹ 80,000 है।

(b) सिंधु का लाभ का हिस्सा विक्रय के आधार पर निकाला जायेगा वर्ष 2014 के अन्त में (31 मार्च 2014) विक्रय ₹ 8,00,000 था तथा 1 अप्रैल से 31 जुलाई 2014 तक ₹ 3,00,000 था। वर्ष 2014 के अन्त में लाभ 2,00,000 था।

(c) पूँजी पर ब्याज 6% की दर से देय है।

(d) सिंधु के [illegible] के अनुसार उसके प्रतिनिधि को प्राप्त राशि लड़कियों के अनाथालय में दान करनी है।

सिंधु का पूँजी खाता बनाओ जो उसके वैधानिक प्रतिनिधि को देय है। उसने किस मूल्य का पालन किया।

22. X and Y are partners sharing profits in ratio of 5 : 3. They admit Z into firm for 1/4th share in profit to be contributed equally by X and Y. On the date of admission the Balance Sheet of X and Y is as follows. 8

Liabilites		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Reserve Fund		4,000	Machinery	26,000
Bank Loan		12,000	Furniture	18,000
Bills Payable		2,000	Stock	10,000
Capitals			Debtors	8,000
	X 30,000		Cash	6,000
	Y 20,000	50,000		
		68,000		68,000

Terms of admission are as follows.

(i) Z will bring ₹ 25,000 as his capital.

(ii) Goodwill of the firm is to be valued at 4 years purchase of average super profits of lest three years average profits of last 3 years are ₹ 20,000 while normal profits are ₹ 12,000

(iii) Furniture is to be appreciated to ₹ 24,000 and value of stock to be reduced by 20%.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and Balance Sheet of firm after Z's admission.

एक्स तथा वाई व्यवसाय के लाभ को 5 : 3 के अनुपात में बाँटते हैं व जैड को लाभ में एक चौथाई भाग के लिए फर्म में सम्मिलित करते हैं जो एक्स व वाई द्वारा बराबर-बराबर दिया जाएगा। प्रवेश की तिथि को एक्स तथा वाई का स्थिति विवरण इस प्रकार था।

देयताएँ	मूल्य ₹	सम्पतियाँ	मूल्य ₹
संचय	4,000	मशीन	26,000
बैंक से ऋण	12,000	फर्नीचर	18,000
देय विपत्र	2,000	रहतिया	10,000
पूँजी—		देनदार	8,000
एक्स 30,000		रोकड़	6,000
वाई 20,000	50,000		
	68,000		68,000

जैड के प्रवेश की निम्न शर्ते हैं।

(i) जैड अपनी पूँजी ₹ 25,000 लाएगा।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन गत तीन वर्षों के औसत अधिलाभ के 4 वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाना है। गत तीन वर्षों में औसत लाभ ₹ 20,000 है जबकि लगाई गई पूँजी पर कमाया जा सकने वाला सामान्य लाभ ₹ 12,000 है।

(iii) फर्नीचर का मूल्य बढ़ाकर ₹ 24,000 कर दिया जाए और स्टॉक रहतिये के मूल्य में 20% कमी की जाए।

पूनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते और जैड के प्रवेश के बाद नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए।

OR

Amit, Ashit and Anik are partners in a firm sharing profits in 2 : 2 : 1 ratio on 31-03-3014 Ashit retires from the firm on the date of retirement the balance sheet of firm was as follows.

Balance Sheet of Amit, Ashit and Anik

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Trade Payables		78,000	Bank		55,200
Outstanding Rent		4.400	Debtors	12,000	
Provision for Legal claim		12.000	Less Provision for		
Capitals :			Doubtful Debts	800	11.200
Amit	92.000		Investory		18,000
Ashit	60,000		Furniture		8,000
Anik	40,000	1,92,000	Premises		1,94,000
		2,86,400			2,86,400

On Ashit retirement it was agreed that

(i) Premises will be appreciated by 5% and furniture will be appreciated by ₹ 2,000 and Inventory will be depreciated by 10%.

(ii) Provision for bad debts wa to be made at 5% on debtors and provision for legal damages to be made for ₹ 14,400.

(iii) Goodwill of the firm is valued at ₹ 48,000.

(iv) ₹ 50,000 from Ashit capital will be transferred to his loan account and balance will be paid by cheque.

Prepare Revaluation account, Partner's capital and Balance Sheet of Amit and Anik after Ashit's Retirement.

अमित, आशित व अनिक एक फर्म में साझेदार हैं? इनका लाभ विभाजन का अनुपात 2 : 2 : 1 है 31 : 03 : 2014 को आशित इस फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। फर्म का स्थिति विवरण इस तिथि को निम्न है।

अमित, आशित व अनिक की फर्म का स्थिति विवरण

देयताएँ	राशि ₹	सम्पत्तियाँ	राशि ₹
व्यवसाय की देयता	78,000	बैंक	55,200
देय किराया	4,400	देनदार 12,000	
कानूनी दावे के लिए आयोजन	12,000	(–) संदिग्ध ऋण आयोजन 800	11,200
पूँजी :			
अमित 92,000		रहतिया	18,000
आशित 60,000		फर्नीचर	8,000
अनिक 40,000	1,92,000	परिसर (भवन	1,94,000
	2,86,400		2,86,400

आशित के अवकाश ग्रहण पर यह निश्चय किया गया था :

(i) परिसर को 5% बढ़ाना है। फर्नीचर को ₹ 2000 से बढ़ाना है तथा रहतिये पर 10% ह्रास करना है।

(ii) संदिग्ध ऋण आयोजन देनदारों का 5% करना है तथा कानूनी दावे के लिए ₹ 14,400 का आयोजन करना है।

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 48,000 हुआ।

(iv) आशित की पूँजी में से ₹ 50,000 को ऋण खाते में स्थानांतरित किया जायेगा बकाया राशि चैक द्वारा दी जायेगी।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा स्थिति विवरण – अमित व अनिक का आशित के अवकाश ग्रहण के बाद बनाइए।

23. The Mona Ltd. invited applications for issuing 50,000 shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 10 per share payable as follows ₹ 50 on application, ₹ 35 on allotment (including premium) and Balance of first and final call. Applications for 82,500 shares were received. Applications for 20,000 shares were rejected and to remaining applicants allotment was made on pro rata basis.

Sudha who applied for 1250 shares failed to pay the amount due on allotment and call. Her shares were forfeited. Later on out of these shares company reissued 500 shares at ₹ 105 per share fully paid up.

Pass necessary Journal Entries in the Books of Mona Which value has been affected by rejecting the applica-tion. Suggest letter alternative for the same. 8

मोना लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 50,000 अंश ₹ 10 के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। जो इस प्रकार देय थे। ₹ 50 आवेदन पत्र पर, ₹ 35 आबंटन पर (प्रीमियम सहित) तथा बाकी राशि प्रथम व अंतिम याचना पर। 82,500 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 20,000 अंशों के आवेदन अस्वीकार कर दिए गए। शेष आवेदकों को यथानुपात आबंटन किया गया।

सुधा जिसने 1250 शेयर का आवेदन दिया था आवंटन व याचना राशि का भुगतान नहीं कर पाई उसके अंश जब्त कर लिए गए। जब्त किए गए अंशों में से 500 अंश पुनर्निर्गमित किए गए ₹ 105 प्रति अंश की दर से जो पूर्ण प्रदत्त के रूप में थे।

मोना की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। आवेदन अस्वीकार करने से कौन-से मूल्य का हनन होता है? इसके बेहतर तरीके से आबंटन के लिए सुझाव दो।

OR

(a) X Ltd. forfeited 1000 shares of ₹ 10 each (₹ 8 called up) for non-payment of allotment maney of ₹ 5 per share including ₹ 2 as premium, of these 800 shares were re-issued to Y at ₹ 7 per share as ₹ 8 called up . Journalise the transaction.

एक्स लिमिटेड ने ₹ 10 वाले (₹ 8 मांगे गए) 1000 अंश ₹ 5 प्रति अंश की आंवटित राशि (₹ 2 प्रीमियम सहित भुगतान न करने पर उन्हें जब्त कर लिया। उनमें से 800 अंशों को ₹ 7 प्रति अंश की दर से जिनके लिए ₹ 8 मांगे गए थे उन्हें पुनः निर्गमित कर दिया। लेन-देन की रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए।

(b) Farhan Ltd. issues ₹ 5,00,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 5% redeemable at 110% Journalise.

फरहान लिमिटेड ने ₹ 100 प्रति ऋणपत्र मूल्य पर 10% ऋणपत्र ₹ 5,00,000 मूल्य के निर्गमित किए। निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया। ये 110% पर शोधित किए गए। प्रविष्टियाँ कीजिए।

(c) Rakesh Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 Equity shares of ₹ 10 each, at a premium of ₹ 3 per share. The whole amount was payable on application. Issue was over subscribed by 30,000 shares and allotment was made on pro rata basis. Pass Journal Entries.

राकेश लिमिटेड ने ₹10 वाले 1,00,000 समता अंश ₹ 3 के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। सारी राशि आवेदन पर देय थी। अंशों का 30,000 अधि-अभिदान हुआ तथा आंबटन यथानुपात किया गया। रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।